बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांकः– 15 / नि0–1074 / 2026 -984

प्रेषक,

रामचन्द्र पाण्डेय,
मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)।

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,
मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांकः– 13/10/26

विषयः–लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी अन्तर्गत NIT-08/2025-26/LOT PRD Org. NIT-18/2024-25 के ग्रुप सं0–01 के वित्तीय बीड के निष्पादन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक–09.10.2026 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी अन्तर्गत प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड के निष्पादन हेतु गठित ''विभागीय निविदा समिति'' की बैठक सम्पन्न हुई। विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि उक्त बैठक की कार्यवाही में लिये गये निर्णय के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

13/10/26

(रामचन्द्र पाण्डेय)
मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)

ज्ञापांकः–15 / नि0–1074 / 2026 -984 पटना, दिनांकः– 13/10/26

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मोतिहारी / कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी / आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10/26

(रामचन्द्र पाण्डेय)
मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)

दिनांकः–.....9...../10/2026 को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी अन्तर्गत प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड् के मूल्यांकन हेतु गठित "निविदा समिति" की संपन्न बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति–

श्री बी. कार्तिकेय धनजी – सचिव
श्री नित्यानन्द प्रसाद – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)
श्री अभय कुमार सिंह – अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)
श्री दया शंकर प्रसाद – मुख्य अभियंता(दक्षिण बिहार)–सह–मुख्य अभियंता (रूपांकण)
श्री प्रद्युम्न शर्मा – मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर
श्री राम प्रवेश यादव – आंतरिक वित्तीय सलाहकार

विषयः **Design, Construction, Supply, Testing And Commissioning Of Piped Water Supply Schemes For Habitations Left Out Under "Har Ghar Nal Ka Jal" Nischay Yojna In Areas Having No Ground Water Quality Issues; With Electric Driven Pumps On Turn-Key Basis With 3 Months Trial Run Period Under Mukhya Mantri Grameen Payjal Nishchay Yojna (Non Quality Affected) In Different Panchayats In Block- Kalyanpur (Part- 2), District - East Champaran Under P.H. Division, Motihari For Year 2024-25. Numbers Of Schemes – 24 RE-NIT-08/2025-26, LOT PRD GR-01 Org NIT-18/24-25** के निष्पादन के संबंध में।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु e-tendering के माध्यम से **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित कराई गई। प्राप्त **RE-NIT-08/2025-26, LOT PRD GR-01 Org NIT-18/24-25** का प्रिंट मिडिया एवं वेब मिडिया में व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया गया है। जिसमें पुनर्निविदा प्राप्ति की तिथि–26.12.2025 अंकित थी। कार्यपालक अभियंता द्वारा इसे संशोधित करते हुए दिनांक 29.12.2025 किया गया एवं पुनः इसे विस्तारित करते हुए दिनांक 03.01.2026 को पुनर्निविदा प्राप्त किया गया।

उक्त कार्य जिसकी प्राक्कलित राशि–**597.185 लाख रूपये** है, के लिए आमंत्रित पुनर्निविदा में पन्द्रह निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है, जो निम्नवत हैं:–

क्र0 सं0	फर्म/कम्पनी का नाम
1	M/S Royal Engineers
2	M/S GA Engineering Construction Pvt. Ltd
3	Manish Kumar Singh
4	Honeysacape Infrastructures Pvt. Ltd.
5	Nursing Construction
6	Sarvesh Kumar Singh
7	Awadhesh Kumar
8	Anil Kumar
9	Sailendra Kumar Singh
10	M/S Rohan Raj Infra Projects Pvt. Ltd.
11	Sailendra Kumar
12	Bandana Traders

क्र0 सं0	फर्म / कम्पनी का नाम
13	**Rajesh Kumar**
14	**Neeraj Kumar**
15	**M/S Lakshgrih Contract Pvt. Ltd**

उपरोक्त निविदाकारों के तकनीकी बीड का मूल्यांकण विभागीय पत्रांक–6ए / वि01–1028 / 21–1145 पटना, दिनांक–03.07.2025 के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में गठित तकनीकी मूल्यांकण समिति द्वारा किया गया। समिति की अनुशंसा के आलोक में उक्त आमंत्रित पुनर्निविदा की उपरोक्त तालिका के क्रम सं0–02 से 04 पर अंकित निविदाकारों **को तकनीकी रूप से सफल मानते हुए इनका दर बीड् खोले जाने का निर्णय लिया गया है।**

तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक–636, दिनांक–24.07.2026 द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर से तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक कर निम्न बिन्दुओं को समाहित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गयाः–

1. निविदाकार (BIDDER) केन्द्र सरकार / राज्य सरकार के किसी भी विभाग / बोर्ड / निगम / उपक्रम से Blacklisted अथवा डिबार नहीं है। साथ ही निविदा के शर्त्तों के अनुरूप किसी प्रकार से अयोग्य घोषित नहीं है।
2. E-Proc-2 निविदाकार (BIDDER) द्वारा Uploaded सभी कागजातों एवं प्रमाण–पत्रों की समुचित जाँच कर ली गयी है तथा तद्नुसार तुलनात्मक विवरणी तैयार कर कार्यवाही में अंकित किया गया है।
3. निविदाकार के विरूद्ध किसी भी न्यायालय के द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश नहीं है तथा निविदाकार (BIDDER) के विरूद्ध किसी भी सरकारी जाँच / अन्वेषण ऐजेन्सी द्वारा कोई जाँच प्रक्रियाधीन नहीं है अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

तदोपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं को समाहित करते हुए दिनांक–18.09.2026 को तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति की बैठक की गयी। बैठक की कार्यवाही (प्रथम श्रेणी कार्यपालक दंडाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत शपथ पत्र के साथ) ज्ञापांक–1124 / मुजफ्फरपुर, दिनांक–18.09.2026 द्वारा विभाग को उपलब्ध करायी गयी है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, का पत्रांकः 1126 / मुजफ्फरपुर, दिनांक–18.09.2026 द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित पुनर्निविदा के दर बीड् की तुलनात्मक विवरणी पर संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता द्वारा अपना मंतव्य अंकित करते हुए निविदा निष्पादन हेतु सक्षमस्तर / विभागीय निविदा समिति से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु अनुशंसा सहित भेजा गया है।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गये सफल निविदाकारों का दर बीड् (अनुशंसा सहित) की तुलनात्मक विवरणी निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	फर्म/कम्पनी का नाम	प्राक्कलित राशि	वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा उद्धृत राशि (लाख में)	वित्तीय बीड् में निविदाकार द्वारा प्राक्कलित राशि के सापेक्ष में उद्धृत राशि (प्रतिशत में) **कम/अधिक**
1	**M/S GA Engineering Construction Pvt. Ltd**	**597.185 लाख**	**507.726**	**(-) 14.98 प्रतिशत**
2	**Manish Kumar Singh**		**498.626**	**(-) 16.50 प्रतिशत**
3	**Honeysacape Infrastructures Pvt. Ltd.**		**507.607**	**(-) 15.00 प्रतिशत**

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि **क्रमांक–2** पर वर्णित निविदाकार **Manish Kumar Singh** द्वारा उद्धृत दर **4,98,62,655.00 रुपये (चार करोड़ अंठानवे लाख बासठ हजार छः सौ पचपन रूपये)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **597.185 लाख रूपये से 16.50 प्रतिशत कम है।**

निविदा समिति का निर्णय

1. क्षेत्रीय स्तर पर गठित समिति द्वारा तकनीकी बीड् के मूल्यांकन के क्रम में निविदा से संबंधित निविदाकार द्वारा Uploaded Documents एवं संलग्न कागजातों/दस्तावेजों की सम्यक् जाँच के पश्चात् ही क्षेत्रीय मुख्य अभियंता द्वारा सफल निविदाकार का दर बीड् अनुशंसा सहित विभागीय निविदा समिति को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया गया है।

2. तकनीकी बीड् मूल्यांकन समिति से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर विभागीय निविदा समिति द्वारा दर बीड् का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया जाता है कि संबंधित कार्यपालक अभियंता दर बीड् में सफल निविदाकार से संबंधित सभी अर्हता एवं कागजातों का समुचित सत्यापनोपरांत व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही LOA निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। यह कार्यपालक अभियंता की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

उपरोक्त के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा पूर्ण विचारोपरांत उक्त आमंत्रित पुनर्निविदा पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/ कार्यपालक अभियंता की कृत अनुशंसा के आलोक में न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले सफल **Manish Kumar Singh** द्वारा उद्धृत दर **4,98,62,655.00 रुपये (चार करोड़ अंठानवे लाख बासठ हजार छः सौ पचपन रूपये)** न्यूनतम है तथा प्राक्कलित राशि **597.185 लाख रूपये से 16.50 प्रतिशत कम है,** को अनुमोदित करते हुए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

9/10/26
(राम प्रवेश यादव)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार

9/10/26
(प्रद्युम्न शर्मा)
मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर

09/10/26.
(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता,
(दक्षिण बिहार)–सह–
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

09/10/26
(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)

9/10/26
(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

09/10
(बी. कार्तिकेय धनजी)
सचिव